>

Title: Need to provide financial help to poor handicraftsmen residing in the districts in and around Kanpur and open a Marketing and Service Centre in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अधीनस्थ विभाग विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के अधीन विपणन एवं सेवा विस्तार केन्द्रों के माध्यम से गरीब हस्तशिल्पियों को मदद दी जाती है। उ.प्र. के कानपुर के आसपास के जनपदों फतेहपुर कानपुर नगर, रमाबाईनगर, कन्नौज, फर्रूखाबाद, औरैया, इटावा, उन्नाव आदि के लगभग 20 से 30 हजार गरीब हस्तशिल्पियों को बाराबंकी में स्थापित विपणन एवं सेवा विस्तार केन्द्र से जोड़ा गया है। जबकि उक्त जनपदों से बाराबंकी दूरी लगभग 135 कि.मी. से 220 कि.मी. तक पड़ती है। दूरी अधिक होने के कारण उक्त जनपदों के गरीब हस्तशिल्पी बाराबंकी जाने में असमर्थ रहते हैं। ऐसी परिस्थितियों में केन्द्र सरकार के द्वारा दी जाने वाली मदद उक्त जनपदों तक नहीं पहुंच पाती है जबकि इस विभाग के द्वारा दस्तकारों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उक्त जनपदों में जरी जरदौजी, पंजा दरी, कालीन एवं लेदर का सामान बनाने के कार्य में लगे हुनरमंद हस्तशिल्पी गरीब होने के कारण न तो अपने हुनर को बाहर पहुंचा पा रहे हैं और न ही स्वयं मदद ले पा रहे हैं। उक्त जनपदों में ऐसे भी हस्तशिल्पी हैं जो कि दो वक्त की रोटी को भी मोहताज है। ऐसी स्थिति में कानपुर में हस्तशिल्प का विपणन एवं सेवा विस्तार केन्द्र जनहित में खोला जाना नितान्त आवश्यक है।

अतः मैं मांग करता हूं कि इस अविलम्बनीय लोक महत्व के मुद्दे पर तत्काल कार्यवाही करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।